सं: 1:05:138:II:CS
दिनांक: 26 फरवरी, 2021

National Stock Exchange of India Limited, Listing Department, Exchange Plaza, Bandra - Kurla Complex, Bandra (E) **<u>MUMBAI</u> - <u>400 051.</u>** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-**400 051**	**Bombay Stock Exchange Limited,** Department of Corporate Services, Floor - 25, PJ Towers, Dalal Street, **<u>MUMBAI</u> - <u>400 001.</u>** बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-**25,** पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-**400 001**

विषय: **<u>बोर्ड बैठक का परिणाम - सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार सूचना</u>**

महोदया/महोदय,

हमारे दिनांक 23.02.2021 के पूर्ववर्ती पत्र के अनुक्रम में, सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के निदेशक मंडल ने आज दिनांक 26 फरवरी, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए एक या अधिक ट्रानचों/ सीरीज में विभिन्न ऋण सेगमेंटों के अंतर्गत संसाधनों के जुटाव अर्थात बाजार ऋण कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया है।

क्रं. सं.	**स्रोत**	**राशि (अधिकतम) (करोड़ रुपए में)**
1	**<u>दीर्घावधि ऋण (रुपया):</u>** पुट-अप विकल्प के साथ/बिना 30 वर्ष तक की अवधि के लिए भौतिक और/या डीमेट रूप में सावधि ऋण और दीर्घावधि करयोग्य/करमुक्त बॉण्डों का पब्लिक/प्राइवेट पेसलमेंट, निरंतर/रीडिमेबल, प्रतिभूत/प्रतिभूत, संचयी/गैर-संचयी, गैर-परिवर्तनीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड/ज़ीरो कूपन बॉण्ड/अधीनस्थ बॉण्ड/मुद्रास्फीति इंडेक्स बॉण्ड/54 ईसी के अंतर्गत पूंजीगत लाभ बॉण्ड तथा जिसे एनएसई और/या बीएसई में सूचीबद्ध किया जा सकता है- इस सीमा से अलग रखने के लिए वर्ष के दौरान जुटाई एवं पूर्व-भुगतान की गई दीर्घावधि निधियां	60,000

2	**<u>दीर्घावधि विदेशी मुद्रा ऋण</u>** ऋण/उप ऋण/निरंतर बॉण्ड/अधीनस्थ बॉण्ड/बॉण्ड/नोट/एफसीएनआर (बी) ऋण अथवा कोई अन्य इंस्ट्रूमेंट जिसमें विदेशों में जारी रुपया मूल्यवर्ग बॉण्ड/नोट शामिल है (* यूएस डॉलर 2.75 बिलियन)	20,000
3	**<u>अल्पावधि ऋण</u>:** अल्पावधि ऋण/आईएसडी/एफसीएनआर (बी)- वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान किसी भी समय बकाया। इस सीमा से अलग रखने के लिए वर्ष के दौरान जुटाई एवं पूर्व-भुगतान की गई अल्पवाधि निधियां	5,000
4	**<u>वाणिज्यिक पेपर</u>**: वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान किसी भी समय बकाया। इस सीमा से अलग रखने के लिए वर्ष के दौरान जुटाए एवं पूर्व-भुगतान किए गए वाणिज्यिक पेपर	15,000
	कुल	**1,00,000**

- निदेशक (वित्त) की अनुशंसा पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी को 1,00,000 करोड़ रुपए की समग्र सीमा के भीतर उपर्युक्त विवरण के अनुसार विभिन्न स्रोतों में से राशि को एक-दूसरे से बदलने हेतु अनुमोदन प्रदान करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।
- उपर्युक्त बाजार कार्यक्रम के अंतर्गत निधियों को निदेशक मंडल द्वारा इस संबंध में प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान समय-समय पर वास्तविक रूप से जुटाया जाएगा।

बोर्ड बैठक दोपहर 1.45 बजे शुरू हुई और दोपहर 3.10 बजे समाप्त हुई।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद ,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com